



राजधानी में श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर पुराने शहर स्थित एतिहासिक बड़वाले महादेव मंदिर से बाबा बटेश्वर की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई।

# समरधा के जंगल में बाघ शावक की मौत, क्षेत्रीय संघर्ष में हमले की आशंका

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के पास समरधा जंगल में रविवार को मिले करीब एक वर्षीय बाघ शावक के शव का सोमवार को वन विभाग की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। प्रारंभिक जांच में शावक की मौत बड़े बाघ के क्षेत्रीय संघर्ष में हमले के कारण होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम के दौरान शावक के सभी अंग सुरक्षित मिले।

रायसेन रोड स्थित हरिपुरा गांव की वन चौकी के पास शावक का शव मिला था। उसके गले पर चोट के निशान पाए गए थे। इसके बाद वन विभाग ने आपसी संघर्ष की आशंका जताई थी। सोमवार को विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. प्रशांत देशमुख और डॉ. अमित ओढ़ ने वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया। जांच में सभी अंग सुरक्षित पाए गए। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वन विभाग के अनुसार शावक की मृत्यु बड़े बाघ के साथ क्षेत्रीय वर्चस्व को लेकर हुए संघर्ष में हुई।

# एक्टिव फ्रेंड्स ग्रुप की नई कार्यकारिणी गठित, डॉ. राजीव जैन बने अध्यक्ष



## प्रमोद शर्मा महासचिव और त्रिभुवन मिश्रा उपाध्यक्ष नियुक्त, निवर्तमान टीम को दी विदाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एक्टिव फ्रेंड्स ग्रुप भोपाल की नई कार्यकारिणी का गठन होटल शुभ इन, एमएलए रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इस दौरान निवर्तमान कार्यकारिणी को विदाई दी गई और नई टीम की घोषणा की गई।

डॉ. राजीव जैन को अध्यक्ष, प्रमोद शर्मा को महासचिव और त्रिभुवन मिश्रा को उपाध्यक्ष बनाया गया। ग्रुप की स्थापना वर्ष 2012 में कुछ मित्रों ने की थी। वर्तमान में भोपाल के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के करीब 600 पूर्व छात्र-छात्राएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़े हैं। ग्रुप की ओर से सामाजिक, धार्मिक, खेल, सांस्कृतिक, देशभक्ति, पर्यावरण, जनजागरूकता, स्वास्थ्य शिविर और मित्रता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में निवर्तमान टीम के संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य पूर्व मंत्री दीपक जोशी, संयोजक मोहम्मद तारिक, अध्यक्ष पयोज जोशी, महासचिव राजकुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष नितिन लोहानी और महिला अध्यक्ष आराधना संजर सहित पूरी टीम के कार्यकाल की सराहना की गई। नई कार्यकारिणी में संयोजक मोहम्मद तारिक, उपाध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा, रामू श्रीवास, ब्रजेश शुक्ला, राजू उपाध्याय, अनीता आर्या और पूर्वा राय बनाए गए हैं। सचिव पद पर मान सिंह, अनिल श्रीवास्तव, नीलिमा तिवारी और रचना डेविड को जिम्मेदारी दी गई है। संगठन मंत्री राजकुमार श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष नितिन डागा होंगे।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शशी सोनी तथा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अंकित शर्मा और महासचिव सूर्यकांत चतुर्वेदी नियुक्त किए गए। साथ ही संरक्षक मंडल और कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

# ई-वेस्ट निपटारे पर एनजीटी में सुनवाई, अगली तारीख 31 अगस्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के कथित अवैज्ञानिक निस्तारण और अनौपचारिक प्रसंस्करण से पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य को होने वाले नुकसान से जुड़ी शिकायत पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण में सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई 31 अगस्त को भोपाल पीठ में होगी।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और न्यायिक सदस्य डॉ. ए. सेंथिल वेल ने की। पर्यावरणविद् नितिन सक्सेना ने छह मई को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि शहर में बड़ी मात्रा में ई-वेस्ट उत्पन्न होता है, लेकिन इसका केवल सीमित हिस्सा ही वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जा रहा है।

आवेदक ने वायु गुणवत्ता में गिरावट, ई-वेस्ट क्लिनिक के प्रभावी संचालन नहीं होने और अनधिकृत प्रसंस्करण इकाइयों पर कार्रवाई की मांग उठाई। साथ ही संयुक्त जांच समिति गठित करने, अधिकृत रीसाइक्लरों की व्यवस्था और जनजागरूकता अभियान चलाने की मांग की गई। तकनीकी समस्या के कारण सुनवाई के दौरान आवेदक से संवाद नहीं हो सका। इसके बाद मामले को 31 अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया गया।

# हरियाली उत्सव में महिलाओं ने बिखेरा रंग, मयूरी खेड़े बनीं मिसेज हरियाली



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मिलन महिला इकाई की ओर से हरियाली उत्सव 2026 का आयोजन कोलार रोड स्थित एक व्यवसायिक परिसर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में महिलाओं ने आकर्षक श्रृंगार और पारंपरिक परिधानों में सहभागिता की। इस दौरान मिसेज हरियाली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मयूरी खेड़े को प्रथम, श्रद्धा भट्ट को द्वितीय और संध्या केशौरे को तृतीय स्थान मिला।

कार्यक्रम में महिलाओं ने गायन और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि सुषमा बिल्लोरे और कार्यक्रम अध्यक्ष रंजना उपाध्याय ने प्रतिभागियों और आयोजकों को आयोजन की सफलता पर बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल की अध्यक्ष मीनाक्षी पगारे, उपाध्यक्ष भारती खेड़े, दीपाली शुक्ला, ऋतु चतुर्वेदी, दीप्ति जोशी, पूर्वा शुक्ला और पूनम खरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन चंचला अत्रे ने किया।

महिला इकाई की अध्यक्ष मीनाक्षी पगारे ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# गौहर महल में सजा सावन मेला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश की समृद्ध लोककला, पारंपरिक बुनावट और हस्तशिल्प को एक ही स्थान पर देखने का अवसर राजधानी के गौहर महल में मिल रहा है। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से सोमवार को सावन मेला 2026 का शुभारंभ किया गया। मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए शिल्पकारों और कलाकारों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया। मेला 28 अगस्त तक चलेगा। टीकमगढ़ की बेल मेटल कला भी मेले में विशेष आकर्षण बनी हुई है। पारंपरिक धातु शिल्प से तैयार देवी-देवताओं, लोकजीवन और सांस्कृतिक प्रतीकों की मूर्तियां अपनी बनावट और पुरातन सौंदर्य के कारण लोगों का ध्यान खींच रही हैं। मेले के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि यहां हाथों की मेहनत और पीढ़ियों से चली आ रही शिल्प परंपराओं को देखने का अवसर मिल रहा है।

# जिलों में नागरिक सुझावों को सुधारों से जोड़ेगी समन्वय समिति

**नप्र. भोपाल :** नागरिकों से प्राप्त प्रणालीगत सुधार संबंधी सुझावों के प्रभावी संकलन और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति गठित की गई है। यह समिति केंद्र सरकार की नागरिक उन्मुख पहल 'रिफॉर्म उत्सव' के तहत जिला स्तर पर गतिविधियों के संचालन और समन्वय की जिम्मेदारी संभालेगी।

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार समिति में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त या मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सदस्य होंगे। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को सदस्य-संयोजक बनाया गया है। आवश्यकता के अनुसार अन्य विभागों के अधिकारी और हितधारक भी बैठक में आमंत्रित किए जा सकेंगे। समिति जिला कार्ययोजना तैयार कर रिफॉर्म उत्सव की गतिविधियों का समन्वय और अनुश्रवण करेगी। ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में जन मंथन, जनसभा, वार्ड सभा तथा अन्य जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नागरिकों को रिफॉर्म उत्सव पोर्टल पर सुझाव देने में सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

समिति प्राप्त सुझावों की जांच कर संबंधित विभागों को भेजेगी तथा नागरिक प्रतिक्रिया और जमीनी गतिविधियों की जानकारी राज्य स्तर तक पहुंचाएगी। सुधारों की प्रगति पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अद्यतन की जाएगी।

# आधी रात से टैक्सियों की हड़ताल, किराया तय करने की मांग

**नप्र. भोपाल :** राजधानी में सोमवार रात 12 बजे से टैक्सियों का संचालन बंद रहेगा। भोपाल टैक्सी चालक संघ और टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संयुक्त मोर्चा ने 18 अगस्त से हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। शहर में करीब 3500 टैक्सियां संचालित होती हैं। संयुक्त मोर्चा का कहना है कि एग्रीगेटर कंपनियों की मनमानी, बढ़ते खर्च और मांगों पर प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं होने के कारण टैक्सी चालक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। संगठन ने सरकार से टैक्सियों का किराया सरकारी स्तर पर निर्धारित करने की मांग की है। टैक्सी चालक संघ के महामंत्री राजेश कुमार नागले ने कहा कि मौजूदा किराए में ईंधन, वाहन रखरखाव, बीमा, किस्त और परिवार का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। संघ ने गैर-वाणिज्यिक पंजीकरण वाली कारों, मोटरसाइकिलों और ई-रिक्शा के संचालन पर रोक लगाने की मांग भी की है। संयुक्त मोर्चा के अनुसार 19 अगस्त को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# देशभक्ति रचनाओं से गूंजा हिंदी लेखिका संघ का मंच



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** हिंदी लेखिका संघ की राज्य स्तरीय देशभक्तिपूर्ण ऑनलाइन गोष्ठी बलिदानियों को समर्पित करते हुए संपन्न हुई। प्रदेश की विभिन्न जिला इकाइयों से 60 से अधिक लेखिकाओं ने इसमें सहभागिता की।

करीब तीन घंटे तक देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति और बलिदान की भावनाओं से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की पूर्व अध्यक्ष एवं गजलकार डॉ. राजश्री रावत ने की। मुख्य अतिथि जबलपुर की साहित्यकार कामना श्रीवास्तव 'कौस्तुभ' रहीं। दमोह, कटनी, जबलपुर, शुजालपुर, शाजापुर, सागर और मंडला इकाइयों की लेखिकाओं ने ऑनलाइन सहभागिता की। डॉ. राजश्री रावत ने कहा कि साहित्यकार समाज को संस्कार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि कामना श्रीवास्तव ने कहा कि स्वतंत्रता विरासत को बनाए रखने के लिए आपसी सद्भाव, देशसेवा और भाषा-संस्कृति के प्रति सम्मान जरूरी है। संघ अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि जिला इकाइयों की ऑनलाइन प्रस्तुति से विचारों का आदान-प्रदान और साहित्यिक संवाद मजबूत होता है। उन्होंने 'वंदे मातरम' पर रचना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रंजना शर्मा ने किया। तकनीकी सहयोग सुनीता यादव ने दिया और आभार डॉ. साधना शुक्ला ने माना।

# बसों में जेबकतरी करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार, छुरी भी बरामद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शहर में चलने वाली लाल बसों में जेबकतरी करने वाले दो कथित शातिर आरोपियों को मंगलवारा थाना पुलिस ने बस चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से धारदार लोहे की छुरी बरामद की है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने 30 जुलाई को लाल बस में एक यात्री की जेब से 20 हजार रुपये चोरी करने की बात स्वीकार की, जिसके बाद पुलिस ने चोरी की रकम बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार, 17 अगस्त को डबल फाटक क्षेत्र में लाल बस की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। उनकी पहचान नासिर उर्फ आरिफ खान (40), निवासी अर्जुन नगर, मैदामिल, थाना एमपी नगर और आजाद उर्फ गज्जू (36), निवासी अर्जुन नगर, मैदामिल के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आजाद उर्फ गज्जू के पास से लोहे की धारदार छुरी बरामद हुई। पुलिस ने छुरी जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## 20 हजार की जेबकतरी का खुलासा

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने थाना मंगलवारा के अपराध क्रमांक 108/26 में 30 जुलाई को लाल बस में एक व्यक्ति की जेब से 20 हजार रुपये चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर पुलिस ने चोरी की रकम बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## 10 साल पुराने स्थायी वारंट में भी गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, आजाद उर्फ गज्जू के खिलाफ थाना एमपी नगर और थाना मंगलवारा में करीब 10 वर्ष पुराने दो स्थायी वारंट लंबित थे। दोनों वारंटों में भी उसकी गिरफ्तारी की गई है पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आजाद उर्फ गज्जू के खिलाफ 11 मामले, जबकि नासिर उर्फ आरिफ के खिलाफ 30 से अधिक अपराध भोपाल के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# रिफॉर्म उत्सव में नागरिक सुझावों पर होगा तेजी से अमल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में नागरिक सहभागिता और प्रशासनिक सुधारों को गति देने के लिए राज्य शासन ने रिफॉर्म उत्सव के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति गठित की है। समिति का उद्देश्य नागरिकों से प्राप्त सुझावों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाना, विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना और सुधारों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार समिति में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, नगरीय विकास एवं आवास, उच्च शिक्षा, वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्कूल शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा जनसंपर्क विभाग के सचिव सदस्य होंगे। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक को सदस्य-संयोजक बनाया गया है।

समिति रिफॉर्म उत्सव के लिए राज्य कार्ययोजना तैयार करने के साथ रणनीतिक दिशा-निर्देश और अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित करेगी। नागरिकों से प्राप्त सुझावों का संकलन और प्रारंभिक परीक्षण कर उन्हें संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा।

# जामवाल ने पशुपतिनाथ मंदिर में किया पूजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को गोविंदपुरा स्थित पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

मंदिर पहुंचने पर पशुपतिनाथ नेपाली समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अजय जामवाल का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से आत्मीय संवाद किया और सामाजिक गतिविधियों तथा समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर पशुपतिनाथ नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे, उपाध्यक्ष शिव गुरुङ उपाध्यक्ष माया पाण्डे, कोषाध्यक्ष मोहनसिंह पाण्डे, प्रबंधक किशोर अधिकारी, प्रबंधक दीपकला बश्याल, संगठन टंक मुखिया, पूर्व अध्यक्ष विष्णु शर्मा, उपाध्यक्ष रमेश राना और व्यापारी प्रतिनिधि गणेश पाण्डे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आज शाम पांच बजे तक शुल्क जमा कर ले सकेंगे प्रवेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में ई-प्रवेश प्रक्रिया के तहत महाविद्यालय आवंटित होने के बावजूद प्रवेश शुल्क जमा नहीं कर सके विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश सुनिश्चित करने का अंतिम अवसर दिया है। विभाग के अनुसार ऐसे विद्यार्थी 18 अगस्त को शाम पांच बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे।

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश पर विद्यार्थियों के हित में यह सुविधा दी गई है। अतिरिक्त महाविद्यालय स्तर परामर्श चरण में 14 अगस्त तक जिन विद्यार्थियों को महाविद्यालय आवंटित हो चुके हैं, लेकिन वे तय समय में शुल्क जमा नहीं कर पाए, वे इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

विभाग ने कहा है कि महाविद्यालय आवंटित होने के बाद शुल्क जमा नहीं कर पाने के कारण कोई पात्र विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से अंतिम अवसर दिया गया है। संबंधित विद्यार्थी अपने आवंटित महाविद्यालय से संपर्क कर निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि 18 अगस्त को शाम पांच बजे के बाद शुल्क जमा करने का अवसर नहीं मिलेगा। इसलिए संबंधित विद्यार्थियों से समय सीमा से पहले प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है। इससे विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकेंगे।

# नशामुक्त युवा और संस्कार विषय पर गोष्ठी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दयानंद आर्य वैदिक विद्यालय, टीटी नगर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में अखंड भारत संकल्प दिवस, नशामुक्त युवा और वर्तमान जीवन में बच्चों के संस्कार विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में भोपाल विभाग संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत ने अखंड भारत संकल्प दिवस पर विचार व्यक्त किए।

टीटी नगर थाना प्रभारी गौरव सिंह ने नशामुक्त युवा विषय पर चर्चा करते हुए नशे से शरीर और जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। जिला मंत्री मोहित सोनी ने युवाओं में संस्कार, माता-पिता के प्रति कर्तव्यों और देश के प्रति उनकी भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ज्योत्सना श्रीवास्तव, विद्यालय की प्राचार्य रेखा नायक, उप प्राचार्य ज्योति, जिला सह संयोजक कपिल मेघानी, करण बिजोरिया, पुनीत उपस्थित रहे।